an>

Title: Need to carry out repair work of the overbridge on river Ganges on NH No.31 in Balia Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भरत सिंह (बलिया) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे लोकसभा संसदीय क्षेत्र् बलिया की महत्वपूर्ण समस्या के बारे में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। बक्सर ऐतिहासिक स्थान है। यहां पुल है जो उत्तर पूर्वांचल और बिहार को जोड़ता है। इस पुल पर प्रतिदिन हजारों ट्रक आते-जाते हैं। इस पर भारी वाहन चलते हैं। लगभग एक वÂान्न से ट्रकों का आना-जाना बंद है क्योंकि यह पुल जर्जर हो गया है। मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी का ध्यान आकर्Âिात करना चाहता हूं। मैं उनसे इस संबंध में पहले भी मिल चुका हूं। पुल के न बनने और बाधित होने की वजह से बलिया और गाजीपुर जनपद में बालू और अन्य चीजों के दाम बहुत बढ़ गए हैं। इस कारण भवन निर्माण की कीमत डेढ़ गुना बढ़ गई है। इस पुल को जनहित में तत्काल चालू कराना बहुत जरूरी हो गया है।

मेरा निवेदन है कि आप सरकार को निर्देशित करें कि इस पुल को तुरंत व्यवस्थित किया जाए। मेरा निवेदन है कि कम से कम इस पर मंत्री जी की तरफ से जवाब आ जाए। इस पुल को तुरंत चालू कराया जाए जिससे लोगों की समस्या का निराकरण हो सके।